# आईएमएफ ने भारत वृद्धि अनुमान बढ़ाया

**पश्चिम एशिया संकट के बीच राहत**

**भारत की सबसे तेज़ अर्थव्यवस्था बनी रहेगी**




**नई दिल्ली, 15 अप्रैल पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और ऊर्जा आपूर्ति को लेकर अनिश्चितताओं के बीच अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भारत के लिए राहत भरी खबर दी है. आईएमएफ ने अपनी नवीनतम 'विश्व आर्थिक परिदृश्य' रिपोर्ट में चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया है.**

यह संशोधन ऐसे समय आया है जब वैश्विक स्तर पर आर्थिक अनिश्चितता बढ़ रही है और कई प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं की रफ्तार धीमी पड़ रही है.

आईएमएफ के अनुसार, भारत न केवल चालू वित्त वर्ष में बल्कि अगले वित्त वर्ष 2027-28 में भी 6.5 प्रतिशत की स्थिर वृद्धि दर बनाए रखेगा. इस तरह भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा. यह अनुमान जनवरी 2026 में जारी रिपोर्ट से 0.1 प्रतिशत अधिक है, जब अमेरिका द्वारा लगाए गए ऊंचे आयात शुल्क के कारण वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत आंकी गई थी. हालांकि, आईएमएफ का यह अनुमान अन्य प्रमुख संस्थाओं से थोड़ा कम है. विश्व बैंक ने भारत की वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है, जबकि भारतीय रिजर्व बैंक इसे 6.9 प्रतिशत तक मान रहा है.

> विशेषज्ञों का मानना है कि भारत की अर्थव्यवस्था की मजबूती का प्रमुख कारण उसका मजबूत घरेलू बाजार, डिजिटल बुनियादी ढांचा और सरकारी निवेश है. इसके अलावा, विनिर्माण और सेवा क्षेत्र में लगातार सुधार भी विकास को गति दे रहे हैं. वैश्विक चुनौतियों और क्षेत्रीय संकटों के बावजूद भारत की आर्थिक स्थिति अपेक्षाकृत मजबूत बनी हुई है. आईएमएफ का संशोधित अनुमान यह संकेत देता है कि भारत आने वाले वर्षों में भी वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहेगा.

# कच्चे तेल में उछाल, बढ़कर 3.88 प्रतिशत पर पहुंचा



**नयी दिल्ली, 15 अप्रैल कच्चे तेल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी के कारण मार्च में थोक मूल्य आधारित मुद्रास्फीति की दर बढ़कर 3.88 प्रतिशत पर पहुंच गयी.**

पिछले साल मार्च में यह आंकड़ा 2.25 प्रतिशत और इस साल फरवरी में 2.13 प्रतिशत था. वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, मार्च में कच्चे तेल की कीमत सालाना आधार पर 51.57 प्रतिशत बढ़ी. कच्चे तेल में जबरदस्त उछाल के कारण प्राथमिक वस्तु वर्ग में थोक महंगाई दर 6.36 प्रतिशत दर्ज की गयी. थोक मुद्रास्फीति में सबसे अधिक 64 प्रतिशत का भारांश रखने वाले विनिर्मित वस्तुओं के वर्ग में भी मुद्रास्फीति एक साल पहले के 3.21 प्रतिशत से बढ़कर 3.39 प्रतिशत पर पहुंच गयी. तिलहनों के थोक दाम भी सालाना आधार पर 22.81 प्रतिशत बढ़े और महंगाई बढ़ने में इनका भी योगदान रहा.पेट्रोल और डीजल के दाम में साल-दर-साल क्रमशः 2.50 प्रतिशत और 3.26 प्रतिशत की वृद्धि हुई. एलपीजी की थोक कीमत हालांकि एक साल पहले के मुकाबले 1.54 प्रतिशत कम रही.



# शेयर बाजार में जोरदार उछाल

**1,264** अंक चढ़ा सेंसेक्स

**24,241** अंक पर पहुंचा निफ्टी

**मुंबई, 15 अप्रैल अमेरिका और ईरान के बीच संभावित शांति वार्ता की उम्मीदों से उत्साहित निवेशकों की जोरदार लिवाली के चलते घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को जबरदस्त तेजी दर्ज की गई.**

बीएसई सेंसेक्स 1,263.67 अंक यानी 1.64 प्रतिशत उछलकर 78,111.24 अंक पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 50 388.65 अंक यानी 1.63 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,231.30 अंक पर पहुंच गया.

बाजार में यह तेजी ऐसे समय आई है जब वैश्विक स्तर पर भू-राजनीतिक तनाव कम होने की उम्मीदें बनी हैं. डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिया है कि ईरान के साथ पाकिस्तान में शांति वार्ता अगले दो दिनों में फिर शुरू हो सकती है.

इस खबर ने निवेशकों के मनोबल को मजबूत किया और बाजार में खरीदारी का माहौल बना दिया.

दिनभर के कारोबार में सभी सेक्टरों और सूचकांकों में मजबूती देखी गई, जो इस बात का संकेत है कि तेजी व्यापक रही और केवल चुनिंदा शेयरों तक सीमित नहीं थी. विशेष रूप से मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में जबरदस्त उछाल देखा गया. निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 2.29 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक 2.35 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए.

सेक्टोरल प्रदर्शन की बात करें तो टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, सूचना प्रौद्योगिकी, रियल्टी, तेल एवं गैस, रसायन और मीडिया क्षेत्रों में दो से तीन प्रतिशत तक की तेजी दर्ज की गई. वहीं ऑटो, वित्तीय सेवाएं, एफएमसीजी, धातु, फार्मा, बैंकिंग और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के सूचकांक एक से दो प्रतिशत तक मजबूत हुए.

> संसेक्स की कंपनियों में कई प्रमुख शेयरों ने शानदार प्रदर्शन किया. इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो) के शेयर में साढ़े चार प्रतिशत से अधिक की तेजी रही. इसके अलावा पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया और इटरनल में भी चार प्रतिशत से ज्यादा उछाल दर्ज किया गया. तीन से चार प्रतिशत की बढ़त वाले शेयरों में अडानी पोर्ट्स, टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, लार्सन एंड टुब्रो और एशियन पेंट्स शामिल रहे. वहीं दो से तीन प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद होने वाले शेयरों में ट्रेंट लिमिटेड, सन फार्मा, कोटक महिंद्रा बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस और बजाज फिनसर्व प्रमुख रहे.

# अनंत स्वरूप बने फिक्की के नए महासचिव



**नयी दिल्ली, 15 अप्रैल उद्योग मंडल फिक्की ने भारतीय रेलवे कार्मिक सेवा के पूर्व अधिकारी अनंत स्वरूप को अपना नया महासचिव नियुक्त किया है. उनकी नियुक्ति बुधवार 15 अप्रैल से प्रभावी हो गयी है.**

फिक्की ने मीडिया को दी जानकारी में कहा है कि 1992 बैच के आईआरपीएस अधिकारी श्री स्वरूप की नियुक्ति देश के उद्योग जगत के लिए एक महत्वपूर्ण समय पर संगठन के वरिष्ठ नेतृत्व को और सशक्त बनाती है. उनके पास लोक नीति, लॉजिस्टिक्स, विनियामक सुधार और अंतर्राष्ट्रीय वार्ताओं का तीन दशक से भी अधिक का अनुभव है. उन्होंने केन्द्र सरकार में नेतृत्व के विभिन्न पदों पर काम किया है और हाल ही में निजी क्षेत्र में भी योगदान दिया है. श्री स्वरूप ने केंद्र सरकार के वाणिज्य विभाग और रेल मंत्रालय में भी योगदान दिया है. वह जिनेवा में विश्व व्यापार संगठन में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रथम सचिव जैसे महत्वपूर्ण पद पर रह चुके हैं. श्री स्वरूप के पास प्राणी शास्त्र में स्नातक और स्नातकोत्तर के अलावा कानून में स्नातक, व्यापार प्रशासन में स्नातकोत्तर और हरित अवसंरचना एवं वित्त पोषण में मास्टर्स सर्टिफिकेट की डिग्रियां हैं.

# सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स ने 'चूड़ी उत्सव' लॉन्च किया

**कोलकाता, 15 अप्रैल सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स, देश की प्रमुख आभूषण खुदरा कंपनियों में से एक, ने 'चूड़ी उत्सव' की शुरुआत की है. इस अवसर पर कंपनी ने पोइला बोइशाख और अक्षय तृतीया जैसे शुभ पर्वों के मद्देनज़र विशेष ऑफर भी पेश किए हैं.**

करीब 85 वर्षों की समृद्ध विरासत वाली इस कंपनी के देशभर में 200 से अधिक शोरूम हैं और यह पूर्वी भारत में अपने नेटवर्क के आधार पर अग्रणी आभूषण ब्रांड है. पोइला बोइशाख और अक्षय तृतीया के अवसर पर सोना खरीदना पारंपरिक रूप से शुभ और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है. कंपनी ने इस उत्सव के माध्यम से अपने कुशल कारीगरों को सम्मान दिया है, जो बारीक नक्काशी, तारकशी कार्य और हीरा जड़ाई जैसी कलाओं के जरिए हर आभूषण को विशेष बनाते हैं.



सुवंकर सेन और भूमि पेडनेकर 'चूड़ी उत्सव 2026' का शुभारंभ करते हुए.

'चूड़ी उत्सव' का विषय आधुनिक भारतीय युवा की अभिव्यक्ति पर आधारित है, जिसे हाथों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है. इस अभियान में एक ओर युवा महिला की सोच, जिज्ञासा और नेतृत्व को दर्शाया गया है, वहीं दूसरी ओर एक युवा पुरुष की मेहनत और महत्वाकांक्षा को उभारा गया है. इसका मूल संदेश है-'मेरी ज़िंदगी मेरे हाथों में.'

कंपनी की निदेशक एवं विपणन व डिज़ाइन प्रमुख जोइता सेन ने बताया कि इस वर्ष 10,000 से अधिक चूड़ी डिज़ाइनों का व्यापक संग्रह प्रस्तुत किया गया है, जिसमें 500 नए डिज़ाइन शामिल हैं.

> उल्लेखनीय है कि सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स को लगातार चार वर्षों तक 'दूसरा सबसे विश्वसनीय आभूषण ब्रांड' का दर्जा प्राप्त हुआ है. वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी ने ?165.37 करोड़ का शुद्ध लाभ और ?6,258 करोड़ का राजस्व अर्जित किया, जबकि चालू वित्त वर्ष में इसका राजस्व रु8,000 करोड़ से अधिक पहुंच चुका है, जो इसकी मजबूत वृद्धि को दर्शाता है.इस प्रकार 'चूड़ी उत्सव' के माध्यम से कंपनी ने पारंपरिक उत्सवों और आधुनिक डिजाइनों का सुंदर समन्वय प्रस्तुत करते हुए ग्राहकों को एक समृद्ध और आकर्षक आभूषण संग्रह उपलब्ध कराया है.

# अडानी एनर्जी ने चालू की ट्रांसमिशन लाइन

## मुंबई के लिए शुरू की 1000 मेगावाट क्षमता की लिंक

**मंबई, 15 अप्रैल मुंबई महानगर क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की व्यवस्था को मज़बूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के अंतर्गत अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस लि की सहायक कंपनी, अडानी इलेक्ट्रिसिटी मुंबई इंफ्रास्ट्रक्चर लि ने कुडस और आरे के बीच 1,000 मेगावाट का हाई-वोल्टेज डायरेक्ट करंट ट्रांसमिशन लिंक शुरू कर दिया है.**



अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस की मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गयी. इस काम के लिए 30 किलोमीटर (केएम) की ओवरहेड (खंभों पर खिंची) लाइन और 50 किलो मीटर की भूमिगत लाइन शामिल है जो घनी आबादी के लिए डिज़ाइन की गयी है. इसमें दुनिया का पहला कॉम्पैक्ट एचवीडीसी सबस्टेशन भी शामिल है. अक्टूबर 2020 में मुंबई में हुए ब्लैकआउट के बाद इस ट्रांसमिशन लाइन की योजना बनाई गई थी.

अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस के मुख्य अधिशासी अधिकारी कंदर्प पटेल ने कहा, 'आरे-कुडस ट्रांसमिशन लाइन के शुरू होने के साथ ही, मुंबई के पास अब एक आधुनिक पावर कॉरिडोर है जो बड़े पैमाने पर रिन्यूएबल एनर्जी को उच्च विश्वसनीयता के साथ इंटीग्रेट करने में सक्षम है. यह अब तक की सबसे तेज़ गति से पूरी की गयी एचवीडीसी परियोजा है जो उन्नत वोल्टेज स्रोत कन्वर्टर -आधारित तकनीक से संचालित है.'

# निर्यात 860 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा

**नयी दिल्ली, 15 अप्रैल देश का कुल निर्यात (वस्तु एवं सेवा मिलाकर) अप्रैल-मार्च 2025-26 के दौरान संचयी रूप से अनुमानित 860.09 अरब डॉलर के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया.**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से आज जारी आंकड़ों के अनुसार 31 मार्च, 2026 को समाप्त वित्त वर्ष में कुल निर्यात में विकट परिस्थितियों में भी सालाना आधार पर 4.22 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है. वर्ष 2024-25 में कुल 825.26 अरब डॉलर की वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात हुआ था. वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान भारत से वस्तुओं का संचयी निर्यात 441.78 अरब डॉलर तक पहुँच गया, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 (अप्रैल-मार्च) में यह 437.70 अरब डॉलर था. इस तरह इनके निर्यात में वर्ष के दौरान 0.93 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी. बीते वित्त वर्ष के आखरी महीने मार्च, 2026 में 38.92 अरब अमेरिकी डॉलर का माल निर्यात किया गया.

# सोने-चांदी के दाम में आई तेजी

**नयी दिल्ली, 15 अप्रैल भारतीय सर्राफा बाजार में बुधवार, 15 अप्रैल को सोने और चांदी की कीमतों में तेज उछाल दर्ज किया गया. अंतरराष्ट्रीय बाजार में मजबूती और निवेशकों की बढ़ती मांग के चलते घरेलू बाजार में भी कीमती धातुओं के दाम नए रिकॉर्ड स्तर के करीब पहुंच गए हैं.**

सोना की कीमतों में सबसे ज्यादा तेजी देखी गई, जहां 22 कैरेट सोना 1 लाख 40 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के पार पहुंच गया. यह स्तर अब तक के उच्चतम दामों में से एक माना जा रहा है. वहीं, 24 कैरेट सोने की कीमतों में भी मजबूती दर्ज की गई और यह लगातार ऊपर की ओर बढ़ रही है. चांदी के दामों में भी उछाल देखने को मिला है. औद्योगिक मांग और निवेशकों की बढ़ती रुचि के कारण चांदी की कीमतें भी मजबूत बनी हुई हैं. विशेषज्ञों का कहना है कि वैश्विक बाजार में अनिश्चितता और भू-राजनीतिक तनाव के चलते सुरक्षित निवेश के रूप में सोने और चांदी की मांग बढ़ी है, जिसका सीधा असर भारतीय बाजार पर भी पड़ा है.

विश्लेषकों के अनुसार, डॉलर की चाल, अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और



केंद्रीय बैंकों की मौद्रिक नीतियों का प्रभाव भी सोने की कीमतों पर देखा जा रहा है. जब भी वैश्विक स्तर पर अस्थिरता बढ़ती है, निवेशक शेयर बाजार से पैसा निकालकर सोने जैसे सुरक्षित विकल्पों में निवेश करते हैं, जिससे इसकी कीमतों में तेजी आती है.घरेलू बाजार में ज्वेलरी खरीदारी के सीजन और आगामी त्योहारों की मांग भी कीमतों को सपोर्ट कर रही है. शादी-ब्याह और त्योहारों के समय भारत में सोने की मांग स्वाभाविक रूप से बढ़ जाती है, जिससे कीमतों में और तेजी देखने को मिलती है.

बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले दिनों में भी सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी रह सकता है.


## कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति जावरा जिला रतलाम (म.प्र.)

ईमेल- awmjaorat@nic.in

क्रमांक/ मण्डी / स्टोर / 2026-27/44 जावरा, दिनांक 15/04/2026

**निविदा / कोटेशन आमंत्रण सूचना**

सर्वसम्बंधितों को सूचित किया जाता है कि कृषि उपज मण्डी समिति जावरा को कम्प्यूटर सिस्टम, हार्डवयर, प्रिन्टर रिपेयर / मेन्टेनेंस तथा मरम्मत कार्य में लगने वाले पार्ट्स व प्रिन्टर रिफलिंग कार्य की दरें आमंत्रित की जाती है। अतः इच्छुक फर्म/कंपनी उपरोक्तानुसार कार्य हेतु मण्डी कार्यालय अरनियापीथा से सामग्री की सूची प्राप्त कर तद्अनुसार अपनी दरें सीलबंद लिफाफे में पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट से दिनांक 06/05/2026 को समय 05.30 बजे तक मण्डी कार्यालय अरनियापीथा में प्रेषित कर सकते है, जो दिनांक 07/05/2026 समय 03:00 बजे समक्ष में खोलें जावेंगे । निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त निविदाऐं/कोटेशन मान्य नहीं किये जावेंगे। प्राप्त दरों में न्यूनतम दर स्वीकृत की जाएगी। भाव- पत्र स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार मण्डी समिति को रहेगा, जिसका कारण बताने हेतु बाध्य नही होगी । सशर्त निविदाऐं/कोटेशन स्वीकार नही किये जावेगें । स्पेटर पार्ट्स उत्तम गुणवत्ता, आई. एस. आई मार्का के होना आवश्यक है।किसी भी प्रकार के विवाद में मण्डी समिति का निर्णय अंतिम रहेगा, जो सर्वमान्य होगा ।

सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति जावरा
जिला - रतलाम (म.प्र.)


## समाचार विशेष

# सपा-आप की नजदीकियां उड़ा सकती हैं कांग्रेस की नींद



**लखनऊ. उत्तर प्रदेश की राजनीति में ऊंट किस करवट बैठे इसका कोई भी अंदाजा नहीं लगा सकता है. दरअसल, राज्य में 2027 में चुनाव हैं और चुनाव से पहले नए समीकरण की सुगबुगाहट सामने आने लगी है. उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव सुल्तानपुर पहुंचे. यहां पर उन्होंने साल 2027 में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव को लेकर एक अहम संकेत दिया है.**

अखिलेश यादव के साथ आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह भी थे. और जब अखिलेश से पूछा गया कि क्या सपा और आम आदमी पार्टी आने वाले चुनाव में साथ आ सकते हैं. तब इस सवाल का जवाब देते हुए सपा सुप्रीमो ने साफ कहा कि हम लोग मिलकर तय लेंगे कि क्या करना है.दरअसल, अखिलेश यादव के इस बयान को उत्तर प्रदेश की राजनीति में नए समीकरण की शुरुआत के तौर पर देखा जा रहा है. यहां तक की इस संकेत से कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ना भी तय माना जा रहा है. एक तरफ जहां कांग्रेस, कई राज्यों में आम आदमी पार्टी से दूरी बना चुकी है, यहां तक की पिछले साल हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव में तो कांग्रेस और केजरीवाल की पार्टी इस तरह आमने-सामने थी कि राहुल गांधी ने खुद ग्राउंड जीरो पर उतरकर केजरीवाल सरकार पर निशाना साधा था और उसी चुनाव में अखिलेश यादव ने केजरीवाल का खुला समर्थन किया था. ऐसे में अब अगर आम आदमी पार्टी और समाजवादी पार्टी साथ आई और 2027 में सीट शेयरिंग पर बात भी बढ़ी तो यूपी में आगे की राह कांग्रेस के लिए आसान नहीं होगी.


## Chola Enter a better life चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड

कॉर्पोरेट कार्यालयः "चोला क्रेस्ट", सी54 और 55, सुपर बी-4, थिरु.वी.का औद्योगिक एस्टेट, गिंडी, चेन्नई - 600 032

**अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी की सूचना**

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) के तहत अचल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना। (नियम 8 एवं 9)

आम जनता और विशेष रूप से उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गिरवीदार को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियां, जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी रखी गई हैं और जिनका सांकेतिक कब्जा चोलमंडालम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, उन्हें आगे चोलमंडालम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के रूप में संदर्भित किया जाएगा। सुरक्षित परिसंपत्तियों की बिक्री "जैसी है, जहां है", "जैसी है, जो है" और "जो कुछ भी उपलब्ध है" के आधार पर ई-नीलामी के माध्यम से की जाएगी। आम जनता को सूचित किया जाता है कि हम वेबसाइट https://bankauctions.in/ के माध्यम से सार्वजनिक ई-नीलामी आयोजित करने जा रहे हैं।

| उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता और गिरवीदार का खाता क्रमांक और नाम | बकाया राशि | अचल संपत्ति का विवरण (सुरक्षित संपत्ति) | आरक्षित मूल्य/ईएमडी /बोली वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|
| ऋण खाता संख्या TL01IND00000035537 एवं TL01IND0000059379. 1. मैसर्स. अंबिका फोटोकॉपी और एसटीडी, (उधारकर्ता), नगर पालिका के पास, अंजड़, बड़वानी, मध्य प्रदेश - 451 556. 2. मेसर्स अंबिका नमकीन एजेंसियां, (सह उधारकर्ता) 3. श्री संजय नामदेव, (सह ऋणकर्ता) 4. श्रीमती सोनल नामदेव, (सह ऋणकर्ता) क्र.सं. 2 से 4 यहां रह रहे हैंः एच. 22, वार्ड नंबर 08, शिव धाम कॉलोनी, राजपुर रोड, अंजड़, अंजड़ राजस्व क्षेत्र, बड़वानी, मध्य प्रदेश - 451 556। | रु. 1,20,26,356/- 12.11.2025 तक | मद संख्या 1ः शिवधाम कॉलोनी में स्थित मकान का वह पूरा हिस्सा, जिसमें प्लॉट संख्या 22 भी शामिल है, जो भूमि सर्वेक्षण संख्या 266/4 और 266/7, दिलावर भंगर के पीछे, वार्ड संख्या 8, सार्वजनिक गृह संख्या 02, ग्राम - अंजड़, तहसील - अंजड, जिला - बड़वानी (मध्य प्रदेश) में स्थित है। कुल क्षेत्रफल 1000 वर्ग फुट (92.93 वर्ग फुट) और उस पर निर्मित भवन। सीमाएँ इस प्रकार हैंः पूर्वः प्लॉट संख्या 21, पश्चिमः प्लॉट संख्या 23, उत्तरः कॉलोनी मुख्य सड़क, दक्षिणः शिवजी पुत्र रणछोड़ पटेल की भूमि। | ₹ 29,70,000/- ₹ 2,97,000/- ₹ 1,00,000/- |
| | | मद संख्या 2ः दर्जी मोहल्ला (बड़वानी नगर निगम ब्लॉक/मकान संख्या 68/8-ए के अनुसार), वार्ड संख्या 02, तहसील एवं जिला बड़वानी (मध्य प्रदेश) में स्थित मकान का वह पूरा हिस्सा, जिसमें प्लॉट संख्या 58 भी शामिल है। कुल प्लॉट क्षेत्रफल 905 वर्ग फुट (84.10 वर्ग मीटर) है और उस पर निर्मित भवन भी शामिल है। सीमाएँ इस प्रकार हैंः पूर्व में ग्रीन होटल, पश्चिम में गली, उत्तर में भेरूलाल का मकान, दक्षिण में सुखनंद का मकान। | ₹ 61,25,000/- ₹ 6,12,500/- ₹ 1,00,000/- |

**ई-नीलामी की तिथि और समयः 12.05.2026 - सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक (प्रत्येक बार 3 मिनट का असीमित विस्तार)। ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथिः 11.05.2026। संपत्ति निरीक्षण की तिथिः नियुक्ति के अनुसार।**

1. सभी इच्छुक प्रतिभागियों/बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे वेबसाइट https://bankauctions.in और www.foreclosureindia.com पर जाएं। ई-नीलामी से संबंधित जानकारी, सहायता, प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए, इच्छुक बोलीदाता मेसर्स फोरक्लोजर से संपर्क कर सकते हैं (संपर्क व्यक्तिः श्री नितेश पवार, फोन नंबरः 8142000725, ईमेलः nithesh@bankauctions.in)।
2. ई-नीलामी में भाग लेने के लिए नियम और शर्तों की अधिक जानकारी के लिए कृपया https://bankauctions.in/ और https://cholamandalam.com/news/auction-notices पर जाएं या श्री आशीष कुमार पांडा (फोनः 98195 38003), श्री अमित शर्मा (फोनः 7566766000), श्री रवि सैंटोस (फोनः 9826682254) से संपर्क करें।

**यह नियम 8(6), नियम 8 और 9 तथा सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के तहत एक वैधानिक 15 दिन की बिक्री सूचना भी है।**

दिनांकः 16.04.2026
स्थानः बड़वानी

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी
चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड।



## कार्यालय उज्जैन नगर पालिक निगम, उज्जैन

छत्रपति शिवाजी भवन आगर रोड उज्जैन

विज्ञप्ति क्र./ 602 /Workshop/E-tender/2026 (Online) निविदा आमंत्रण सूचना उज्जैन दिनांक :-13/04/2026

निम्नांकित कार्य के लिए (Online) निविदा क्रमांक 2026_UAD_482453_3 आमंत्रित की जाती हैं, तथा टेन्डर फार्म राशि रु. 12,500 /- रहेगा।

निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने की अंतिम दिनांक 28.04.2026 समय 18:00 ऑनलाईन एवं समस्त दस्तावेज Submission करने की अंतिम दिनांक 28/04/2026 समय 18:00 रहेगी। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती हैं। यदि उपरोक्त निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होता है तो इसकी सूचना ऑन लाईन दी जावेगी। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नही की जावेगी।

| क्रं. | टेंडर फार्म का मूल्य | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अर्नेस्टमनी रु. | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 |
| 1 | 12,500/ | Supply and commissioning of 03 Nos. Innova Hycross Zx o | 1,20,00,000/- | 60,000/- | 30 दिवस |

कार्यपालन यंत्री, वर्कशॉप
नगर पालिक निगम उज्जैन



## केनरा बैंक Canara Bank

भारत सरकार का उपक्रम | A Government of India Undertaking | सिंडिकेट Syndicate

प्रधान कार्यालय : 112, जे.सी. रोड़, बैंगलूर - 562002
क्षेत्रीय कार्यालय: ओमेगा टॉवर, तीसरी मंजिल मंजिल, 32 मैकेनिक नगर, भमोरी, इंदौर फोन: 0731-2573816

**सूचना**

**(वित्तीय अस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुर्ननिर्माण और प्रतिभूतिहित प्रवर्तनअधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अंतर्गत नोटिस (सरफेसी एक्ट)**

**केनरा बैंक केसरबाग रोड शाखा, इन्दौर** के माध्यम से प्राप्त किया गया ऋण जो कि एन. पी. ए. हो चुका है व जिसमें निम्न वर्णित दिनांक को निम्न वर्णित बकाया राशि शेष थी, उसकी विस्तृत मांग सूचना निम्न वर्णित ऋणी/जमानतदार को वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत निम्न वर्णित दिनांक को पंजीकृत डाक पावती सहित द्वारा ऋणी/जमानतदार व सह ऋणी आप सभी को भेजी गई थी। निम्न वर्णित मांग सूचना दिनांक में हमने आशय को स्पष्ट कर दिया है, कि आपके द्वारा सूचना मे दर्शाई राशि **60** दिनों के अंदर जमा नहीं कराई गई तो उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अनुसार बैंक में बंधक संपत्ति जो कि निम्नलिखित ऋणी/ जमानतदार के नाम है, उसका आधिपत्य ले लिया जाएगा। बकाया राशि का उल्लेख निम्नानुसार है:

| क्रं. | ऋणी/जमानतदार का नाम व पता | मांग सूचना दिनांक / बकाया राशि (₹) | अचल संपत्तियों का विवरण |
|---|---|---|---|
| | केसरबाग रोड शाखा, इन्दौर, मोबाईल: 70499 19127 | | |
| 1. | **1. मेसर्स हर हर महादेव, प्रोप्रायटर श्रीमती परिनीता पांढारकर,** 19 28 चित्रकुट नगर, सुखनिवास रोड केट, इन्दौर (म.प्र.) 452016, **2. श्री हेमान्दर पांढारकर पिता राजेन्द्र पांढारकर,** फ्लेट नं. 306, तीसरी मंजिल, श्री राधे ग्रीन पार्क, ब्लॉक-बी, ए.बी. रोड, हुकुमखेड़ी, खेड़ापती हनुमान मंदिर के पास, राजेन्द्र नगर, इन्दौर (म.प्र.) 452012, **3. श्रीमती परिनीता पांढारकर पति हेमान्दर पांढारकर,** फ्लेट नं. 306, तीसरी मंजिल, श्री राधे ग्रीन पार्क, ब्लॉक-बी, ए.बी. रोड, हुकुमखेड़ी, खेड़ापती हनुमान मंदिर के पास, राजेन्द्र नगर, इन्दौर (म.प्र.) 452012, **4. श्रीमती परिनीता पांढारकर पति हेमान्दर पांढारकर,** फ्लेट नं. जी-4, तल मंजिल, प्लाट नं. 151, उत्कृष्ठ अपार्टमेंट, धनवंतरी नगर, इन्दौर (म.प्र.) 452012 | मांग सूचना दिनांक **07.04.2026** बकाया राशि (₹) **51,48,915.38** + दिनांक 07.04.2026 से ब्याज एवं अन्य खर्च | **1.** फ्लेट नं. 306, तीसरी मंजिल, श्री राधे ग्रीन पार्क, ब्लॉक-बी, ए.बी. रोड, हुकुमखेड़ी, खेड़ापती हनुमान मंदिर के पास, राजेन्द्र नगर, इन्दौर (म.प्र.) 452012, **क्षेत्रफल: 430 वर्गफीट (बिल्ट अप), मालिक: 1. श्रीमती परिनीता पांढारकर पति हेमान्दर पांढारकर, 2. श्री हेमान्दर पांढारकर पिता राजेन्द्र पांढारकर, चर्तु:सीमा: उत्तर:** ओपन, **दक्षिण:** पेसेज, **पूर्व:** फ्लेट नं. 307, **पश्चिम:** ओपन एवं फ्लेट नं. 305 **2.** फ्लेट नं. जी-4, तल मंजिल, प्लाट नं. 151, उत्कृष्ठ अपार्टमेंट, धनवंतरी नगर, इन्दौर (म.प्र.) 452012, **क्षेत्रफल: 450 वर्गफीट (सुपर बिल्ट अप), मालिक: श्रीमती परिनीता पांढारकर पति हेमान्दर पांढारकर, चर्तु:सीमा: उत्तर:** फ्लेट नं. जी-3, **दक्षिण:** प्लाट नं. 151, **पूर्व:** बेकलेन, **पश्चिम:** सिढ़ी |

(1) उक्त मांग सूचना पत्र आपको डाक प्राधिकरण द्वारा **केनरा बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय** से भेजा गया था। आप नोटिस की कॉपी बैंक से प्राप्त कर सकते है ताकि आपको सूचना की संपूर्ण जानकारी प्राप्त हो जाये। (2) आप सभी को सुझाव दिया जाता है कि मांग सूचना में दर्शाई गई बकाया राशि ब्याज एवं खर्च आदि सहित उपरोक्त मांग सूचना की दिनांक के **60 दिनों** के भीतर जमा करें ताकि सरफेसी अधिनियम के तहत आगामी कार्यवाही से बच सकें।

**स्थान: इन्दौर, दिनांक: 16.04.2026** **प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक, इन्दौर**